भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1790
सोमवार, 10 मार्च, 2025/19 फाल्गुन, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

जम्मू-कश्मीर में पर्यटन क्षेत्र के लिए निधि का आवंटन

†1790. श्री मियां अल्ताफ अहमद:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान जम्मू-कश्मीर में पर्यटन क्षेत्र के अंतर्गत आवंटित निधियों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) उन योजनाओं का ब्यौरा क्या है जिनके लिए निधियां जारी की गई थीं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' नामक योजनाओं के तहत देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

उपर्युक्त योजनाओं के तहत आवंटित निधि का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

श्री मियां अल्ताफ अहमद द्वारा जम्मू-कश्मीर में पर्यटन क्षेत्र के लिए निधि के आवंटन के संबंध में दिनांक 10.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †1790 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

जम्मू और कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

क्र. सं.	परिपथ/स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि करोड़ रु. में
1.	हिमालयन परिपथ 2016-17	जम्मू - श्रीनगर - पहलगाम - भगवती नगर - अनंतनाग - सलामाबाद उरी - कारगिल - लेह का विकास	77.33
2.	हिमालयन परिपथ 2016-17	जम्मू - राजौरी - शोपियां - पुलवामा में पर्यटक सुविधाओं का विकास	81.60
3.	हिमालयन परिपथ 2016-17	पीएम विकास पैकेज के तहत पर्यटक सुविधाओं का विकास - 2014 में बाढ़ में नष्ट हुई परिसंपत्तियों के बदले परिसंपत्तियों का निर्माण	90.43
4.	हिमालयन परिपथ 2016-17	मंतलाई और सुधमहादेव में पर्यटक सुविधाओं का विकास	91.99
5.	हिमालयन परिपथ 2016-17	अनंतनाग - पुलवामा - किश्तवार - पहलगाम - जांस्कर पदुम - दक्सुम - रंजीत सागर बांध में पर्यटक सुविधाओं का विकास	86.39
6.	हिमालयन परिपथ 2016-17	गुलमर्ग - बारामूला - कुपवाड़ा - कारगिल - लेह में पर्यटक सुविधाओं का विकास	91.84

जम्मू और कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

क्र.सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	अनुमोदित लागत (करोड़ रु. में)
1	हजरतबल दरगाह में विकास	2016-17	40.46

*****